डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुधनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, 11 2080 | भोपाल, दिन सोमवार, दिनांक 01 दिसम्बर ,2025

न्यूज गैलरी

बीयू का युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन

भोपाल। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा आयोजित संदीप कुमा उत्सव में 30 विश्वविद्यालयों के बीच बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने मॉक विधा में प्रथम, क्वार्टरमिल में तृतीय, संपूर्ण समग्रीय विधा में द्वितीय, पोस्टर मेकिंग में चतुर्थ स्थान हासिल किया। सभ्य की सांस्कृतिक भूषा संस्कार और मॉडलिंग में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कुलगुरु प्रो. एजाज अली ने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

'नो मोर पाकिस्तान' विषय पर एमसीयू में व्याख्यान '

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में 'नो मोर पाकिस्तान' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सुरक्षा मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोपाल विधायक रोष ने भारत के सामने मौजूद सुरक्षा चुनौतियों, बदलते भू–राजनीतिक समीकरणों और सामरिक विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं में सुरक्षा विषयों पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। व्याख्यान का उद्देश्य वर्तमान परिस्थितियों में भारत की रणनीतिक तैयारी को समझाना था।

शहीदी गुरमत समागम की बागडोर संभालेंगे 200 बच्चे

भोपाल। गुरुद्वारा नानकसर हमीदिया रोड पर हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि गुरु गोविंद सिंह महाराज का जन्मोत्सव 5 जनवरी को भी सत्संग द्वारा मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन 5 जनवरी को हमीदिया रुकुह्ता में होगा। 26 दिसंबर को शहीदी गुरमत समागम नानकसर में आयोजित होगा, जिसकी व्यवस्था 200 बच्चे संभालेंगे। कीर्तन, कथा, मंच संचालन, कविता और अरदास की जिम्मेदारियाँ भी बच्चे निभाएंगे। गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत पर 21 से 29 दिसंबर तक पैदल यात्रा भी निकाली जाएगी।

आदिवासी वोट काटने का आरोप

भोपाल। मध्य प्रदेश में महाराजा सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर आदिवासी महाराजाओं के नाम वोट–काटने तरीके से हटाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि चार महिला आदिवासी क्षेत्रों में रात्रि चौंकें तोड़ने के मौखिक निर्देश दिए गए हैं ताकि मजदूरी के लिए बाहर गए आदिवासियों को डिफॉल्टर वोटर बनाकर सूची से हटाया जा सके। सिंघार ने कहा कि मजदूर केवल एक चौंक मारने के लिए हजारों रुपये खर्च कर गांव नहीं लौट सकते।

वर्मा के समर्थन में जयस का मार्च

भोपाल। आईएएस संतोष वर्मा के बेटी–बेटी वाले बयान के समर्थन में आदिवासी संगठन जयस ने इंदौर में पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ता टंट्या भील चौराहा से कलेक्टर कार्यालय तक मार्च करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने पहुंचे। संगठन ने कहा कि किसी भी निष्पक्ष अधिकारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। रविवार को भी इंदौर में पैदल मार्च कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें वर्मा के समर्थन और आदिवासी हितों की सुरक्षा की मांग दोहराई गई।

रात 10 बजे तेज रफ्तार कार टकराई, चार की मौत, एक घायल, कार के परखच्चे उड़े

बैरसिया–नजीराबाद रोड पर शनिवार रात दो कारों में आमने–सामने हुई भीषण टक्कर

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी में शनिवार देर रात सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल है। श्योपुर के पांच लोग परवलिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इस बीच बैरसिया नजीराबाद रोड पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बैरसिया नजीराबाद रोड पर रात श्योपुर के पांच लोग कॉलिंग कार से भोपाल से लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे सामने से आ रही तेज रफ्तार स्वर ने कॉलिंग कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कॉलिंग कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार चारों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक श्योपुर के रहने वाले हैं, परवलिया में कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे, सामने से कार ने मारी टक्कर

भीषण हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया

दूसरी कार का चालक भी हुआ घायल, अस्पताल में किया भर्ती

मौलाना वकील मदरसा चलाते थे, साहित्य करते थे खेती–किसानी

मृतकों में मौलाना वकील मदरसा चलाते थे, जबकि खेती (ऐग्रिकल्चर) में साहित्य और साहित्य खेती–किसानी करते थे। वे खेती–बाड़ी के परिवार से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर श्योपुर लौट रहे थे। इस दौरान हुई इस हादसा हो गया। जहाँ टक्कर मारने वाला कार चालक मौके से फरार हो गया है, वह नीमच के मनासा का रहने वाला है। बैरसिया इलाके में हादसे में शामिल दोनों कार जब्त कर ली गई हैं।

कार की तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, बुजुर्ग सहित दो घायल

कोलार पुलिस ने बैरसिया सहावली चौराहे नजीराबाद के पास पीड़ित पर तू–तर्न लेने के दौरान तेज रफ्तार एक बने एक तेज रफ्तार कार ने दूसरी कार को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि कॉलिंग कंपनी ने कर्मचारी आनंद प्रधान, परिवार के साथ फोर्ड फिगो कार से लौट जा रहे थे। कार ने उनके नेहरू नगर से महावीरी की स्कूल अमर सिंह, रहन जागृति स्कारण, निधी सेलान और छोटे प्रायन्सी मौजूद थे। जैसे ही वे महावीरी की ओर यूटर्न लेने लगे, तभी बरकारी की ओर से आ रही कार (एमपी 04 पीएमडी 0002) ने तेज रफ्तार और लापरवाही से उनकी कार को कंटाक्टर साइड से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग अमर सिंह के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले कर्मी कराया गया है। जागृति और निधी को भी चोटें पहुंची हैं, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसा यूटर्न लेने के दौरान हुआ है। कार्रवाई कर चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने कार जब्त कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में इनकी गई जान

पुलकों की पहचान मौलाना वकील रहमान (श्योपुर), साहिल (श्योपुर), साहिल (श्योपुर) और फरीद (जिला श्योपुर) के रूप में हुई है। सभी के परिवार श्योपुर जिले (श्योपुर) निवासी रूप से सामने आ गया है। जिन्हें बैरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीएम ने उज्जैन, प्रदेशाध्यक्ष ने इंदौर में सुनी मन की बात

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विक्रम को उज्जैन में सामूहिक विवाहोत्सव स्थल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इंदौर एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने देवास के बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इसके साथ ही प्रदेशभर में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनाघर के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ उज्जैन के सांवेर क्षेत्रीय मिनट सामूहिक विवाहोत्सव स्थल पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दुष्यंतराज पाड़के, मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर मौजूद रहे।

किसान सम्मेलन में बूथ 114 पर सुनी पीएम के 'मन की बात' इंदौर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बूथ 114 पर सुनी पीएम के 'मन की बात' सुनते किसान।

भोपाल। विधायक रमेश्वर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सुबूर विधानसभा के शिवेर नगर कस्बा के बूथ क्रमांक 114 पर सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सामूहिक सम्मेलन में 22 जोड़ों का विवाह, बाबा रामदेव और पं. धीरेंद्र शास्त्री ने दिया आशीर्वाद

डीआर संवाददाता॥ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बेटे–बहू सहित कुल 22 जोड़ों ने रविवार को खाचरोदी में सामूहिक विवाह सम्मेलन में सात फेरे लिए। रस्मी पूजा–हवन, घोड़े और बग्घियों पर सवार होकर विवाह स्थल पहुंचे। सम्मेलन में शामिल जोड़ों के 44 परिजनों के 25–25 सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। सीएम के पिता सी सोलंकी और डॉ. अभिनव ने बताया कि सभी मेहमानों से उपहार नहीं लाने का आग्रह किया गया था। डॉ.

अभिनव और डॉ. इशिता की शादी की रस्मों की इसी सामूहिक सम्मेलन में सम्पन्न हुई, जहां सलमान के दौरान बाबा रामदेव ने मार्गदर्शन किया। समारोह में पहुंचकर सीएम ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

इस दौरान बाबा रामदेव ने ए. दौरेह शास्त्री से कहकर उपस्थ भी शिवाय सामूहिक सम्मेलन में डॉ कराएंगे मालाकार। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, मंत्री तुलसी सिलावट और अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवीन्द्र पुरी उपस्थित रहे। अखाड़ा परिषद ने सभी लोगों को लगा लाख रुपये देने और कार्यालय पैक की ओर से बाबा रामदेव ने एक–एक लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सलमान परिवार के अनुसार सभी वर्गों के हर–वर्ग एक साथ विवाह बंधन में बंध रहे हैं। ए. शास्त्री ने इसे प्रेरणादायक बताया, वहीं रवीन्द्र पुरी महाराज ने इसे समाजहित में महत्वपूर्ण पहल कहा।

कफन बांधकर वर्मा के खिलाफ अजायब भवन का घेराव करने निकले ब्राह्मण,

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आईएएस संतोष वर्मा द्वारा दिए गए 'अपमानजनक बयान' को लेकर ब्राह्मण समाज में जबरदस्त नाराजगी है। संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रोजाना धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं। ब्राह्मण समाज के लोगों ने 'कफन बांधकर' प्रदर्शन किया। बागसेवनिया मंदिर से रैली निकालते हुए कार्यकर्ता संतोष वर्मा मुर्दाबाद, ब्राह्मण समाज जिन्दाबाद जैसे नारे लगाए और एसएडीएम और निलंबन की मांग की। सर्वब्राह्मण संघ के प्रदेशाध्यक्ष अजयेश पाण्डेय ने बताया कि हम चतुर्भुज मंदिर से अजायब भवन तक जाने वाले हैं, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया।

जब तक कार्रवाई नहीं होगी, लड़ाई जारी रखेंगे

ब्राह्मण रेजिमेंट के अध्यक्ष पंडित रामनारायण आचार्य ने कहा कि ब्राह्मण रेजिमेंट के आंदोलन पर कई सालों की एक ही मांग है। जब तक संतोष वर्मा पर एफआईआर, गिरफ्तारी नहीं की जाती तब तक समाज संघर्ष करता रहेगा। हमने संकेत दिया है कि इस सिर पर कफन बांधकर निकले हैं। लड़ाई जहां तक जाएगी हम लड़ने के लिए तैयार हैं।

अब जनता सीधे चुनेगी निकाय अध्यक्ष... राइट टू रिकॉल पर भी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र संभवतः 1 कुल दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। 4 बैठकें होंगी। सत्र में सरकार दो विधेयक लाने के साथ 10 हजार करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। सरकार द्वारा लाए जा रहे दो विधेयकों से प्रदेश के नगरीय निकायों और पंचायतों प्रतिष्ठान संचालित करने वाले लोगों पर असर दिखाई देगा। सरकार सत्र के दौरान गत नगर

दो महत्व विधेयकों के साथ

अनुपूरक

10 हजार करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी सरकार

घर बैठे बना सकेंगे सर्टिफिकेट, लेकिन बढ़ेगी फीस

राज्य सरकार दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 में भी संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन के बाद प्रदेश में दुकान, होटल, रेस्टोरेंट या कोई दूसरी व्यावसायिक इकाई खोलने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का विभाग के चक्कर नहीं काटने होंगे। रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

सत्र में विपक्षी विधायक सीहोर की रोजाकोटी मुनिसिपैलिटी में छात्रों को खराब भोजन–पानी मिलने के कारण हुए विवाद का मुद्दा जोर–शोर से उठाएंगे। ओलोम्पिक से मुकदमान और मुकाबले का मुद्दा भी जुड़ेगा।

कांग्रेस के विधायकों ने पूछने की तैयारी की सरकार से सवाल

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

करीब एक घंटे तक विधानसभा शेड शुरू होने से पहले कांग्रेस के विधायकों की विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य प्रवक्ता जीतू पटवारी ने सुरेशपाल वाल्मीकि ने सुरेशपाल वाल्मीकि ने विधायक दल की बैठक के लिए बुलाया था। प्रतिपक्ष विधानसभा सत्र से पहले की बैठक में विधायकों ने सरकार से सवाल पूछने की तैयारी की है। जमीनी सरकार की दिक्कत के तमाम मुद्दों पर सरकार घेरने की रणनीति पर चर्चा की गई।

जनता से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा की तैयार

भोपाल। सत्र की शीतकालीन विधानसभा का सत्र सोमवार, 1 दिसंबर से आरंभ होकर 5 दिसंबर 2025 तक चलेगा।

सोमवार विधेयक के इलावे की तैयारी देखने के बाद दूसरे दिन सीएम हाउस में आयोजित करेगी बैठक

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर मार्गशीर्ष ष शुक्ल पक्ष,11-2082 सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 01दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

होर में रोजगार मेला 9 दिसंबर को

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कौशल ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को प्रेरित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

गीता का सामूहिक पाठ आज

सीहोर। कलेक्टर बालाजुरु ले. के निर्देशानुसार आगामी मार्गशीर्ष गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 तक सीहोर स्थित शासकीय आयामीय खेलकूद संकुल में सामूहिक सम्वेत गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी स्कूल कॉलेजों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

एमपीपीएल फुटबॉल स्पर्धा में लेक सिटी की रोमांचक जीत

सीहोर। शहर के खेल मैदान पर चल रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत कमिश्नर को रोमांचक मुकाबला खेला गया, इसमें अंतिम समय तक बिना गोल के बराबरी की टक्कर की लेक सिटी टीम ने बिल्डअप सीहोर को 1-0 से हराया। इस मैच पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के मनोज कन्नौजिया, मैच के इनचार्ज मनोज दीक्षित गामा ने मैच के पर्यवेक्षक नाना पाई, सुनी बनी, जीएल भोयाल, मुकेश तोसनी, किशोरन, राहुल गुप्ता, मौसम आदि का सम्मान किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर में खेले गए मजेदारी मुकाबले में बिल्डअप सीहोर फुटबाल टीम को लेक सिटी फुटबाल टीम ने 1-0 से हराया। इस मैच में लेक सिटी की प्रतिभाशाली अब्ज ने शानदार गोल किया।

विमल राय फिर बने संघ के जिला अध्यक्ष

सीहोर। मध्य मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयराज ठाकरे ने सीहोर पहुंचकर पत्रकार विमल राय को फिर से सीहोर जिला अध्यक्ष घोषित किया। इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा सीहोर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार विमल राय हमेशा पत्रकारों के हितों के लिए सक्रिय रहे हैं

14 फरवरी को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

सीहोर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में संशोधन करते हुए सभी घरों की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। आयोग द्वारा जारी नवीन एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार घर-घर गणना प्रपत्र एवं सत्यापन का कार्य अब 11 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद 16

चौड़ीकरण कार्य — अभी 5 मीटर चौड़ा पुल होने से दोनों ओर से नहीं निकल पाते वाहन

दूल्हाबादशाह, बकरी पुल 15 मी. होंगे चौड़े, दोनों ओर बनेगा

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के सबसे पुराने दो पुलों का निर्माण एक निर्माण से हो गया है। इन दोनों से शुरू हो पहले बॉटिंग का काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद डिजाइन फिर निर्माण शुरू होगा। खास बात यह है कि इन दोनों पुलों की कोनन चौड़ाई 5-5 मीटर थी, जिसे अब बढ़ाकर 15-15 मीटर मीटर किया जा रहा है। इससे आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

शहर के दो पुराने पुल दूल्हाबादशाह और बकरी पुल अंग्रेजों के जमाने के हैं। इन्हें फिर से बनाया जाएगा। लंबे समय से मांग थी कि बकरी पुल को पागल नाला पुल बने, क्योंकि यह पुल काफी पुराना हो चुका है और इसकी बरसात के समय जब सीवन नदी में सैलाब में कई बार इसे बंद करना पड़ा। जोखिम भी बना है। हालत यह है कि उफान आता है, तो बकरी पुल को बंद करना पड़ता है। हर साल बरिश के इन दोनों पुलों की चौड़ाई भी बहुत कम, सिर्फ 5-5 मीटर ही है। यही स्थिति दूल्हाबादशाह पुल की भी है। यहां पर भी वाहनों का दबाव रहता है। इसके बाद भी सालों पुराने पुल की जगह नया पुल नहीं बन पा रहा था। हो चुके हैं कई हादसे से दो वाहक सवार गिर चुके हैं। एक्सीडेंट चौराहा तरफ से जब इस पुल की तरफ आते हैं, तो एक तरफ रेलिंग भी टूट चुकी है, जिससे तेज गति से आने वाले दोपहिया वाहन सीधे नाले में गिर जाते हैं। इसकी मरम्मत जब तक नहीं हो पाई। बकरी पुल बनने पुल में लेकिन अक्सर बरसात के दौरान तक है कि यहां पर थोड़ी सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। हालांकि यहां पर कोई बड़ा हादसा तो नहीं हुआ, वैकिंदेश्वर लगाकर कोलोनि सीवन नदी के ऊपर आ जाता है। दिनों में कई बार दोनों तरफ यातायात रोकना पड़ता है, पानी बहुत ज्यादा पुल के पुल बनाने से पहले बारिश का काम किया जा रहा है।

बकरी पुल और दूल्हाबादशाह पुल का निर्माण 5.87 करोड़ की लागत से किया जाएगा। सबसे पहले दूल्हाबादशाह पुल पर थोपिंग का काम किया गया, ताकि यह पता चल जाने कि कहां तक गिरी है। इसके बाद शनिवार को मशीनें बकरी पुल पर लगाई गई हैं। अब यहां पर रेलिंग का काम शुरू किया गया है।

फुटपाथ डेढ़-डेढ़ मीटर दोनों तरफ का रहेगा

इन दोनों पुलों की चौड़ाई बढ़ाकर 15-15 मीटर कर दी गई है। वर्तमान में जो पुल है, उनकी चौड़ाई 5-5 मीटर ही है। अब करीब 45 फीट चौड़ा पुल होगा। इसमें खास बात यह रहेगी कि दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर के फुटपाथ बनाए जाएंगे ताकि पैदल आने-जाने वालों को परेशानी न हो।

चौड़ाई बढ़ाई जाएगी

एक्सीलेंस स्कूल से गंदी ओवर ब्रिजतक कस्बा स्थित एक्सीलेंस स्कूल से गंदी ओवर ब्रिज तक की सड़क को चौड़ा किया जाएगा। इस सड़क की लंबाई 1.85 किमी है। यह सागर वाली सड़क बनेगी। इस सड़क की लागत करीब 1.75 करोड़ है। दोनों तरफ जनरल ग्रान होने से लोग में दिक्कतें नहीं हुआ जाएगी, इसलिए इसकी स्ट्रीट लाइट किनारे पर ही रहेगी। अभी इस सड़क की 7 मीटर से 11 मीटर किया जा रहा है। इस मार्ग से हर दिन करीब 20 से 25 हजार वाहन गुजरते हैं। गंदी पुल से सुनिया चौराहा तक पुल

से सुनिया चौराहा की सड़क का काम शुरू हो गया है। अभी इस सड़क पर काफी गड्ढे हो रहे थे, जिससे लोग परेशान हो रहे थे। कई जगह से सड़क उखड़ने लगी थी। अब इसका निर्माण शुरू हो रहा है। यह सड़क पिया चौराहा तक बनाई जाएगी, जिस पर सीधी निर्माण होगा। इस पर दो करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस सड़क की लंबाई 675 किमी है। यह 8 मीटर चौड़ी सड़क रहेगी।

15 जून तक तैयार हो जाएंगे दोनों पुल

दोनों पुलों के लिए बॉटिंग का काम शुरू करा दिया गया है। इसके बाद दोनों पुलों का डिजाइन तैयार किया जाएगा। फिर इनका काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 जून तक दोनों पुल बनकर तैयार हो जाएंगे।

कैलाश वर्मा, सब इंजीनियर ब्रिज कारपोरेशन

घर में पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोपी 1 साल बाद गिरफ्तार

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर की शहगंज पुलिस ने शनिवार को एक वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर एक घर में पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप था। यह घटना पिछले साल 29 अगस्त को हुई थी। शहगंजकोतवाली के अनुसार 29 अगस्त 2024 को शहगंज थाने में एक फरियादिया ने सूचना दी थी कि रात लगभग 2 बजे आरोपी मोनू भोसले ने उसके घर में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस घटना में घर का मुख्य गेट और अंदर रखा सामान जलकर नष्ट हो गया था, जिससे लगभग 4-5 हजार रुपए का नुकसान हुआ था। पीड़िता की रिपोर्ट पर शहगंज थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 326 की के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी मोनू भोसले फरार चल रहा था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया है।

आष्टा पुलिस ने 18 चालान काटे, 10,100 रुपए वसूल

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कुल 18 चालान बनाए गए और 10 हजार 1 सौ रुपए का दंड शुल्क वसूल गया। पुलिस ने वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी।

अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं को भी यातायात संकेतों के प्रकार, सड़क किनारे लगे ट्रैफिक साइन बोर्ड और सड़क सुरक्षा की अनिवार्यता के बारे में से बताया गया। छोटे शहरों में ट्रैफिक लाइट न होने या खराब होने की स्थिति में यातायात कर्मियों द्वारा हाथ के संकेतों को व्यावहारिक रूप से समझाया गया।

इसके अतिरिक्त, शहर में पुराना बस स्टैंड, भोपाल नाका, कोतोली चौराहा, मंडी गेट और शिवाजी चौपाटी पर प्रभावशाली व्यवस्था सुचारु की गई। श्री शंकर मंदिर परिसर में खड़े वाहनों को भी हटवाया गया, जिससे यातायात सुगम हो सके।

बोरी बंधान कर जल बचाने का दिया संदेश

डीआर संवाददाता»बुदनी

मध्यप्रदेश जल अभियान परिषद विकासखंड बुदनी की मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व योजना विकास मॉडलग्राम की कड़ी में जल संरक्षण रणनीतियों का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में जल की संरक्षित करने के उपायों के बारे में विकासखंड समन्वयक इंदर सिंह ने छात्रों को बताया कि छोटे-छोटे जल संरचनाओं के माध्यम से हम वर्षा के जल को संरक्षित कर सकते हैं। बोरी बंधान, सोखता गड्ढे, कंटूर ट्रेंचिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि के माध्यम से जल को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर मेटर आजीविका गाइड, गुलीस चंदे, अनिरुद्ध यादव, बबलू पाटनी, बिजारी चौहान, रमेश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। रोगोष्ठी के बाद ग्राम देवगांव में जल संचय अभियान के तहत नर्मदा की सहायक कालियाखेड़ नदी पर जल संचयन से सभी छात्रों प्रशिक्षुन समिति, नवांकुर संस्था द्वारा बोरी

कोहरा, विजिबिलिटी मात्र 50 मीटर, रात

डीआर संवाददाता»आष्टा

सुबह से घना कोहरा, विजिबिलिटी मात्र 50 मीटर, रात के तापमान में लगातार गिरावट रही पिछले साल 10 दिन पहले भी ठंड, इस बार 20 दिन 5 डिग्री के नीचे रहा पारा बुजुर्गों की दवाओं और रोगियों की ठंडी हवा ने इस बार के नवंबर को बहुत खास बना दिया। इस बार ठंड ने पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

पिछले साल नवंबर के महीने में सिर्फ 10 दिन ही तेज ठंड पड़ी थी। इस बार 20 से ज्यादा दिन पारा 5 डिग्री से नीचे रहा। इस बार नवंबर में ही न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया। साल बता यह है कि शीतलहर का दौर नवंबर के पहले सप्ताह से ही शुरू हो गया था, जबकि पिछले साल नवंबर के आखिरी दिनों में शीतलहर का असर दिसंबर में शुरू हुआ था। आदर्श कॉलेज स्थित शासकीय कृषि मौसम सेवा केंद्र के जिलेप्रभारी सुरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज।

आगे जो मौसम है वह फसलों के लिए अच्छा

ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा संगठन

डीआर संवाददाता»सीहोर

रविवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा संगठन की नगर इकाई की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राहक जागरूकता से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर के जिला अध्यक्ष अरविंद एडवोकेट सिलवाड़ उज्जैनदरोया ने सभी उपस्थितजनों को ग्राहक पंचायत में जिलाध्यक्ष, डिजिटल ग्राहक, सोशलमीडी, स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल, एवं महिलाओं को सोशल मेटवर्किंग का उपयोग करते समय सजग रहने तथा साइबरी क्राइम सायबरी विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद उपाध्यक्ष मनीष राठौर के द्वारा सभी उपस्थित जनों को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई तथा जिले अध्यक्ष के जिला प्रमुख एडवोकेट मानसिंह रौन द्वारा ग्राहकों द्वारा क्रय की गई वस्तुओं की सेवा में कमी पाए जाने पर अनुतोष हेतु न्यायालय संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

शाहगंज थाना पुलिस ने भी उसे लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है

डीआर संवाददाता»सीहोर

राजस्थान जिले के नीलकण्ठ ने 8 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के बाद हत्या एनकाउंटर में घायल हुआ आरोपी सलमान का जिलाहाल भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर दूसरी ओर जिले की शहगंज थाना पुलिस ने भी उसे लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसकेलिए आरोपी सलमान शाहगंज थाने का स्थायी वारंटी है, जो उसी गोहगंज पुलिस की गिरफ्त में है।

शाहगंज थाना प्रभारी विनोद सिंह चौहान ने बताया कि गोहगंज थाना अंतर्गत दुष्कर्म का आरोपी सलमान, बुदनी न्यायालय द्वारा जारी किया गया स्थायी वारंटी भी है। वह वारंट उसके खिलाफ साल 2019 में दर्ज हुए घर में घुसकर मोबाइल चोरी के मामले में जारी किया गया था।

टीआई चौहान के अनुसार लाइसेंस की नई बसों के परिवादी अविद खां के घर से सीसीटीवी कैमरा का मोबाइल चुराने का आरोप था। शाहगंज पुलिस ने 28 अप्रैल 2019 को सलमान को गिरफ्तार किया था, लेकिन बुदनी न्यायालय में विचाराधीन इस मामले की सुनवाई में वह लगातार अनुपस्थित रहा। नवंबर 2023 में बुदनी कोर्ट ने उसे स्थायी वारंटी घोषित कर दिया।

हमीदिया में भर्ती है सलमान

बता दें आरोपी सलमान ने 21 नवंबर को मासूम से दुष्कर्म किया था और 6 दिन बाद उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद मामले और पुलिस पर पारदर्शिता की कोशिश के सवाल उठाकर कार्रवाई में पुलिस ने उसे पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। वर्तमान में सलमान गोहगंज पुलिस की हिरासत में भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती है।

नेत्र शिविर — निशुल्क नेत्र शिविर में 375 लोगों की हुई जांच 30 लोगों का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

अक्षसोच सोशल फाउंडेशन की पहल पर हुआ नगर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

डीआर संवाददाता»सीहोर

सामाजिक संस्था अक्षसोच सोशल फाउंडेशन द्वारा रविवार 30 नवम्बर को नगर के मालव बाग पर स्वर्गीय मालवाचार्य शरीश की स्मृति में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रातःकाल से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आँख के रोग के इलाज के लिये बड़ी संख्या में नागरिक शिविर स्थल पर पहुंचकर लगभग 375 महिला पुरुषों ने अपने नेत्रों की जाँच कराई यह शिविर

रोशनलाल नेत्रालय शिवपुरी नगर के सहयोग से आयोजित किया गया।

सर्व प्रथम मुख्यअतिथि श्री मुकुलकान्त कार्यालय के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश राय, विशेष अतिथि अवधिपतारी सत्ता मोहित राम चड़क एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शिव विकास राठौर, अन्य अतिथियों में समाजसेवी विनोद कठिया, वरिष्ठ पत्रकार इन्द्रसेन मुंशी, समाजसेवी विरेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वर्गीय संत मालवाचार्य कठिया के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर विभिन्न कार्यक्रम की शुरुआत किया। शाश्वताता शिविर के सूत्रधार आशीष गुप्ता, समाजसेवी नरेन्द्र गोस्वामी, परमेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम की संयोजिका सामाजसेविका प्रेमलता राठौर द्वारा किया गया। शाश्वताचार्यसीमा सक्सेना ने अन्य अतिथियों का अंग वस्त्र उढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया। अंत में आभार व्यक्त इंजेश मारवाल द्वारा व्यक्त किया गया। सम्मानजनी राजेश राय, घ. संहिता चम पाठक, मयंकराय प्रिंस विकास राठौर ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा कार्यान्वित किये गये निशुल्क शिविर से नागरिकों को लाभमिलेगा वहीं नेत्र रोग से भी उनको निदान होगा। अतिथियों ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन करने के लिये अपना सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया।

मंदसौर में खेली जाएगी राज्य स्तरीय डॉज बाल प्रतियोगिता

डीआर संवाददाता»सीहोर

कई सालों से सीहोर टीम जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय डॉज बाल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही है। इसने समस्त अहम प्रदर्शन करने वाली तनुश्री नागर को इस बार संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है और संयोजन में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कप्तान की भूमिका में नजर आएगी। प्रतियोगिता के लिए सीहोर से दो बालिका का चयन किया गया है। रविवार को शहर में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर परिषद नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र मकनी आदि ने स्वागत करते हुए उत्साह किया गया। इस मौके पर तनुश्री के पिता राधेश्याम नागर और माताजी भी मौजूद थे। इस मौके पर नवनियुक्त कप्तान ने बताया कि वह लगातार पांच सालों से डॉज बाल खेल के प्रति लगाव है। यह खेल बहुत ही खिलाड़ी को सक्रिय रखता है। वह लगातार तीसरी बार स्टेट के लिए खेल रही है। पूर्व में यह प्रतियोगिता गुना और देवास में किया गया था। देवास में राज्य स्तरीय डॉजबॉल प्रतियोगिता में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिकाओं ने पहले उज्जैन और बाद में इंदौर को

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष,11- 2082 | सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 01दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

60 लाख की योजना ठप, गांव में पानी का संकट

जावर। बुड़िया नयू गांव में 60 लाख रुपए की नल जल योजना क्रीयुक्त होने के बावजूद लोग आज भी पीने के पानी के लिए परेशान है। गर्मी में यह संकट और बढ़ गया है। गांव में पाइपलाइन बिछ चुकी है। 375 में से 350 नल कनेक्शन भी दिए जा चुके हैं। फिर भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। गांव के मान सिंह ठाकुर ने बताया कि योजना बंद पड़ी है। लोग निजी ट्यूबवेल और हैंडपंप से पानी लाने को मजबूर है। कुछ लोगों ने खेत से पाइपलाइन खींचकर घर तक पानी पहुंचाया है।

कई दिनों से रास्ता बंद होने से परेशानी

आष्टा। नगर के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मार्ग पर पिछले 1 महीने से रास्ता बंद चल रहा है। यहां पर पुलिया का निर्माण होने की वजह से ठेकेदार ने रास्ते को बंद किया था। जबकि जब पुलिया बन चुकी है, लेकिन उसके बावजूद भी मार्ग को खोला नहीं गया है। जबकि यहां से प्रतिदिन छात्राओं को स्कूल आना जाना पड़ता है तथा अपने साइकिल व दो पहिया वाहनों को निकालने में परेशानी उत्पन्न हो रही है इसके अलावा इसी मार्ग पर आंगनवाड़ी केंद्र, सुभाष नगर छात्रावास कॉलोनी बनी हुई है। पिछले एक सप्ताह से दो पहिया वाहन चालकों ने रास्ता बंद किया है। लेकिन वह उबड़-खाबड़ होने की वजह से दुर्घटना का कारण बना हुआ है। क्योंकि उसके एक तरफ पुलिया खुली हुई है। वाहन अनियंत्रित होने पर लोग उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है।–किरण जैन

बैंड वाली गली का गार्बेज पॉइंट पूरी तरह साफ

आष्टा। नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने वार्ड क्रमांक 18 की बैंड वाली गली में बने म्युनिसिपल गार्बेज पॉइंट को पूरी तरह साफ कर दिया है। यह स्थान लंबे समय से कचरे का अड्डा बना हुआ था। अब इसे ऊपर-नीचे खोदा कर दिया गया है। नगर पालिका की सहायक संस्था गुलिक वेस्ट मैनेजमेंट इस स्थान की लगातार निगरानी कर रही है। संस्था के सदस्य वहां आने वाले नागरिकों को कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आसपास के क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से नागरिकों की भागीदारी बढ़ रही है।

पुराने थाना मार्ग पर चार पहिया वाहनों से रहती है अव्यवस्था

आष्टा। नगर के पुराना थाना मार्ग बायपास मार्केट में चार पहिया वाहन खड़े हो जाते हैं। इस दौरान दूसरी तरफ से वाहन आता है तो जाम की समस्या हो जाती है। यहां दिन के समय चार पहिया वाहन जीप, कार आदि वाहन खड़े करके लोग खरीदी करने लग जाते हैं। जिससे दूसरे वाहनों की क्रॉसिंग नहीं हो पाती है। इस दौरान जाम लग जाता है।इस समय नगर के पुराना थाना मार्ग बायपास बाजार में सबसे अधिक जाम की समस्या आ रही है। जबकि उक्त मार्ग पर ही एसडीओपी ऑफिस होने से पुलिस वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इन स्थानों पर भी समस्या- नगर के बड़ा बाजार, बुधवारा, पुरानी सब्जी मंडी, गल

बोवनी धीमी | दिसंबर के पहले सप्ताह तक विर्धारित रकबेमें जो जाएगी बोवनी, किसान खाद के लिए कर रहे जद्दोजहद

8990 हेक्टेयर में होनी है रबी फसल की बोवनी, 65 प्रतिशत हो चुकी, गेहूं का रकबा बढ़ा, चने का घटा

क्षेत्र में रबी सीजन की बोवनी ने रफ्तार पकड़ ली है। कृषि विभाग द्वारा निर्धारित 76,037 हेक्टेयर के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 48,990 हेक्टेयर में बोवनी पूरी हो चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 65 प्रतिशत है।

डीआर संवाददाता>>सीहोर

क्षेत्र में रबी फसलों की बोवनी जोर पकड़ चुकी है। मौसम अनुकूल रहने और समय पर नमी उपलब्ध होने से कई किसानों ने समय पर बुवाई शुरू कर दी, वहीं देर एरिया के किसानों को अभी भी पानी का इंतजार है। कृषि विभाग के अनुसार, इस साल 76,037 हेक्टेयर में रबी बोवनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 48,990 हेक्टेयर का काम पूरा हो चुका है।

दूसरी ओर, शहर के आसपास छोर तक पानी न पहुँचने से कई किसानों के खेत अब भी सूखे पड़े हैं। सोयाबीन नहर विभाग ने 15 नवंबर से पानी छोड़ा है, लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति अब भी सामान्य नहीं हो सकी है। कई किसानों को बिजली मांग आपूर्ति में अनियमितता के कारण भी देरी का सामना करना पड़ रहा है।

कृषि विभाग का कहना है कि यदि वर्तमान मौसम इसी तरह स्थिर रहा, तो नवंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक रबी बोवनी भी पूर्ण हो जाएगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि मौसम परिवर्तन के चलते गर्म नहीं बोवनी में पूंडे नहीं हो पाई। 15,990 हेक्टेयर के लक्ष्य में से अब तक 14,138 हेक्टेयर में ही बुवाई संभव हो सकी है। विभाग यह मानता है कि अब फेबल 2-3 प्रतिशत किसान ही बचा बो पाएंगे।

जानकारी के अनुसार इंडियन कंसोर्ट इंस्टीट्यूट भोपाल और एवं आदित्य बिरला सीमेंट कंसोर्ट–द्वे, कंस्ट्रक्शन अवार्ड

दलहन–तिलहन बोवनी की स्थिति

चना 14,980 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 14,136 हेक्टेयर (95 प्रतिशत तक बोवनी

मसूर 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा

मटर सरसों 115 हेक्टेयर का पूरा लक्ष्य हासिल

गेहूं 60,446 हेक्टेयर लक्ष्य में से 31,155 हेक्टेयर तक बोवनी

का रकबा पिछले वर्ष के मुकाबले 85 हेक्टेयर बढ़ा है, जो क्षेत्र में सिंचाई उत्पादन की संभावनाओं को मजबूत करता है।

कृषि विभाग का कहना है कि उर्वरक, बीज और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है ताकि किसान बिना बाधा के बुवाई जारी रख सकें।

किसानों के लिए महत्वपूर्ण सलाह सुनिश्चित देने वाले प्रयास

लाइसेंसधारी बीज एवं खाद ने किसानों को सलाह दी है कि सुविधा की संतुलित मात्रा एक साथ न डालें। वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पहली सिंचाई के समय 45 किलो प्रति एकड़, दूसरी सिंचाई के समय 45 किलो प्रति एकड़, इस तरह कुल 90 किलो यूरिया प्रति एकड़ का विभाजन करें। इससे फसल की बढ़वार बेहतर होगी और उत्पादन में भी बढ़ोतरी संभव है।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत आष्ट और जावर पुलिस को मिली सफलता

डीआर संवाददाता>> जावर

थाना आष्टा में 27 अक्टूबर को नाबालिग बालिका के बहला-फुसलाकर ले जाने की सूचना पर अपराध दर्ज किया गया। इसी प्रकार थाना जावर में दिनांक 12 जुलाई को ग्राम कुवाडिया वर्मा निवासी की नाबालिग पुत्री के अपहरण की सूचना पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा त्वरित कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी आकाश जामलकर के मार्गदर्शन में दोनों थानों में अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गईं। पुलिस कार्रवाई गठित टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से नाबालिग लड़कियों की आरोपी के कब्जे से ग्राम सकरा थाना छावनगंज से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। थाना आष्टा के प्रकरण में में आरोपी निकली उर्फ सूरज पिता राजेश बाल्मीकि को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोपी पर दुष्कर्म एवं पोक्सो अधिनियम की धाराओं का इजाफा कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपी दूसरे में भी अपराध क्र 198/25 में गिरफ्तार होकर जमानत पर था, जिसकी जमानत निरस्ती की कार्यवाई भी प्रचलन में है।

थाना जावर प्रबन्धन

गठित पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास, तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। आरोपी गोलू उर्फ गोपीचंद गात निवासी कुवाडिया वर्मा को गिरफ्तार कर प्रकरण में पोक्सो एक्ट का इजाफा किया गया तथा न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। बाद में पीड़िता को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट ने किया इंजीनियर दिनेश

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के अनेक रिहेबिल मार्केट, इमारतों, मकानों के अलावा अनेक होटलों की डिजाइन करने वाले आर्किटेक्ट इंजीनियर दिनेश प्रजापति को इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट ने सम्मानित किया। इस मौके पर प्रोफेशनलों ने इंजीनियर प्रजापति को बधाई दी है। शहर के लिए यह एक अजूबा ही गौरव का विषय है कि आज शहर की प्रतिभाएं प्रदेश स्तर पर सीहोर शहर का नाम बढ़ा

रही है। अभी तक बड़े शहरों के आर्किटेक्ट इंजीनियर ही अवार्ड पर काबिज होते रहे हैं लेकिन अब छोटे शहरों के इंजीनियर आर्किटेक्ट भी बड़े शहरों की आर्किटेक्ट इंजीनियर को चुनौती देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट भोपाल केंद्र एवं आदित्य बिरला सीमेंट कंसोर्ट–द्वे, कंस्ट्रक्शन अवार्ड

आंवली घाट उत्तर तट पर चल रही शिव श्री महापुराण कथा

डीआर संवाददाता>>सेहोर

मुक्तेश्वर धाम जुड़ी तीर्थ क्षेत्र भगवान घाट आंवली घाट उत्तर तट पर चल रहा श्री महाराज स्वामी जगतगुरु गिरी महाराज के निकट से शिव श्री महापुराण कथा के पावन दिव्य परिवार को विस्तार लाभ पीताम्बरा पार्वतीपुर बाबा महाराज श्री रामेश्वर शास्त्री राष्ट्रीय सचिव आचार्य महामंडलेश्वर कथा व्यास के भगवान शंकर-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इसे सुनकर पूरा पंडाल बम-बम के जयकारों से गूंजने लगा। कथा राष्ट्रीय

सचिव आचार्य कथा श्री रामेश्वर ने बताया कि अगला वर परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए हैं। इसके बाद भी शिव ने विवाह कर गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया। कथा व्यास ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश भगवान का मूषक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। इसी लिए शिव पुराण विपरीत भिन्नताओं के बीच सामंजस्य स्थापन सिखाता है।

उन्होंने भगवान के विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि पैना देवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप में मां पार्वती ने जन्म लेकर भगवान शिव की घोर तपस्या की। उसी दौरान तारकासुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव का जन्म हुई। सत जयेष्ठी के द्वारा मां पार्वती की प्रेम की परीक्षा लेकर भगवान शिव ने अपने प्रति पार्वती का आकाश प्रेम देखकर भगवान शिव ने पार्वती मां को अंगीकार किया इसके बाद शिव का विवाह हुआ।

पीएम आवास योजना 1.0 और 2.0 की कार्यप्रगति की

डीआर संवाददाता>> देवास

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में जिस तरह से आवासों को पूर्ण कराया गया उसी तरह योजना 2.0 के लिए तैयार की गई 1178 हितग्राहियों की संचालनालय से स्वीकृति प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई करें। साथ ही 119 हितग्राहियों की सूची में दर्ज आपत्तियों का भी शीघ्रता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। जिला सभागृह में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 और 2.0 की कार्यप्रगति की आयोजित समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश निगम उपायुक्त जाकिर नायरी ने तकनीकी अमले को दिए। प्रभावी कार्यसंचालन पंडित जगदीश वर्मा ने बताया कि

